VARDHMAN NEWS™ VN NEWS पदमं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 10 अक्टूबर 2025, शुक्रवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क



गोठी स्कूल में पढ़े मुमुक्षु आयुष कोठारी का किया बहुमान

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पांचवे विद्यार्थी करेंगे संयम मार्ग अंगीकार















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा से सीनियर सेकंडरी(2017) तक पढ़े मुमुक्षु आयुष कोठारी का श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर के वर्द्धमान मैनेजमेंट चेंबर में आयोजित कार्यक्रम में बहुमान करके अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया।

मुमुक्षु आयुष कोठारी का माला, शॉल,साफा, उपरणा एवं अभिनंदन पत्र भेंट करके बहुमान किया गया। साथ ही उनके माता पिता श्रीमती उषा जी एवं श्री अशोक जी कोठारी का भी माला,शॉल पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, उपाध्यक्ष ज्ञान चंद विनायकिया, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, सहमंत्री सुनील ओस्तवाल प्रबन्धकारिणी सदस्य रमेश चंद मेडतवाल, प्रवीण कुमार खेतपालिया, अरविंद मुथा, दीपचंद कोठारी, खेतपालिया परिवार के पारस मल खेतपालिया, श्रीमति शोभा खेतपालिया, श्रीमती कांता खेतपालिया, श्रीमती इंद्रा खेतपालिया, श्रीमती रिया खेतपालिया, कॉलेज प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा, अकादमी प्रभारी नीलम लोढा, समिति प्रबंधक नेहा जैन, जनसम्पर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल, खुशबू भाटी,ईशान सांखला एवं भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, ज्योति चौहान, रेणु कोठारी, रेणु यादव, प्रदीप हेडा, दीपक गुप्ता, समीर सर, वर्द्धमान रूट्स प्रिंसिपल श्वेता नाहर, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के कार्यालय प्रभारी अजय जैन, वर्द्धमान कॉलेज व्याख्याता सुनीता जैन, अंजली कावड़िया, वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विंग प्रभारी हरजीत कौर आदि मौजूद रहे।

टीचर्स को देखकर स्कूल-दिनों को किया याद-श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों में भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा नर्सरी(वर्ष 2002) से सीनियर सेकंडरी(वर्ष 2017) तक पढ़े दीक्षार्थी आयुष कोठारी ने आज जब अपने पुराने टीचर्स को देखा तो अपने स्कूल के दिनों की यादों को साझा किया. मुमुक्षु आयुष कोठारी ने बताया कि वो और उसकी बहन ने गोठी स्कूल में पढ़ाई की जिसमें मेरी बहन ने हमेशा पढ़ाई में अव्वल रहकर मेरे माता पिता का मान बढ़ाया। पढ़ाई में तो शुरू से मेरा मन कम ही रहा धर्म और अध्यात्म की तरफ मेरा काफी रुझान रहा लेकिन गुरु भगवन्तों के आशीर्वाद एवं सद्प्रेरणा से मेरा संयम पथ सफल साध्य रहे। इस मार्ग पर चलकर में अपने माता पिता,परिवार एवं विद्यालय एवं गुरुजनों का मान बढ़ा सकूं ऐसा आशीर्वाद आप सब से चाहता हूं।

प्रभु श्री महावीर स्वामी के 82वे पट्टधर हुक्मसंघ के महान आराधक श्रीमद जैनाचार्य 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनिजी म.सा. के पावन सानिध्य में दिनांक 8 दिसंबर 2025 को भगवती दीक्षा लेकर संयम के मार्ग को अंगीकार करने जा रहे है।

मुमुक्षु आयुष कोठारी गोठी स्कूल के पांचवे गौरवशाली विद्यार्थी है जिन्होंने संयम मार्ग अपनाकर विद्यालय, समाज,परिवार तथा ब्यावर को गौरवान्वित करेंगे।

वर्द्धमान परिसर में कोठारी विंग का हुआ शिलान्यास





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान में सतत् आधुनिक विकास के क्रम में श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर में एक बहुमंजिला नई बिल्डिंग कोठारी विंग का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार एवं नवकार मंत्र के जाप के साथ किया गया। इस भव्य भवन का नव निर्माण भामाशाह उगमचंद जी कमलेश कुमार जी कोठारी (ब्यावर/चेन्नई) के अर्थ सहयोग द्वारा किया जाएगा। बारिश की रिमझिम बूंदों के शुभ शगुन के साथ महाविद्यालय के व्याख्याता पं. पंकज शर्मा ने आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश कुमार कोठारी का मंगल तिलक लगाकर एवं स्वस्ति वाचन कर अभिनंदन किया। वैदिक मंत्रोचार एवं नवकार मंत्र की स्तुति के साथ भूमि का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर इस भवन का निर्माण करने वाले मुख्य मिस्त्री कैलाश जी कुमावत, आर्किटेक्ट रोहित का भी मंगल तिलक लगाकर अभिनंदन किया। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात वर्द्धमान सेमिनार हॉल में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में भामाशाह कमलेश कुमार जी कोठारी का समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने माला, साफा, उपरणा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बिनायकिया, सह मंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, शांतिलाल नाबरिया, प्रकाशचंद गदिया, दीपचंद कोठारी, रमेशचंद मेड़तवाल, प्रिंस ओस्तवाल, प्रवीण कुमार खेतपालिया, रवि कुमार सुराणा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा, प्रबन्धक नेहा जैन,अजय चौधरी, पी आर ओ बबलू अग्रवाल, ईशान, खुशबू भाटी आदि उपस्थित रहे। मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति की तरफ से भामाशाह कोठारी परिवार के प्रति महाविद्यालय की भौतिक प्रगति में अर्थ सहयोग हेतु आत्मीय आभार व्यक्त किया।









वर्द्धमान कॉलेज में रक्तदान शिविर

रक्तदान कर जीवन दान देने का दिया संदेश, छात्राओं ने दिखाया जोश, 23 यूनिट ब्लड किया डोनेट





रक्तदान कर जीवनदान के उद्देश्य को साकार करते हुए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय ब्यावर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर के निर्देशन में कुल 23 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख द्वारा चिकित्सकों एवं समस्त टीम का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान शरीर शोधन की प्रक्रिया है। इससे नया रक्त बनता है और शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं कम होती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ लोगों को साल में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए, जिससे बेहतर स्वास्थ्य बना रहता है तथा दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है। शिविर के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रीति शर्मा, रेड रिबन क्लब अधिकारी निधि पंवार, बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा, वाणिज्य संकाय के वरिष्ठ व्याख्याता नितिन साहू, स्काउट लीडर राजकुमारी कुमावत आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर में राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर से डॉ मेघांश, डॉ करण, निशा कच्छावा ,दिनेश कुमार भाटी, आयशा बेनजीर, घनश्याम सिंह, सुनिल परिहार, कार्तिक, निशा, कोमल व महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।













वर्द्धमान महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन, छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 17 सितंबर से चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा ने बताया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है देश के संपूर्ण विकास के लिए व्यक्तिगत, पारिवारिक, गांव , कार्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर स्वच्छता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ एवं बीमारियों से मुक्त समाज के लिए अनिवार्य है। इसके लिए उचित स्तर पर ठोस एवं तरल कूड़ा प्रबंधन की सुविधाओं और अन्य विभिन्न पहलुओं का समायोजन जरूरी है साथ ही हमे प्लास्टिक वस्तुओं का त्याग करना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम अधिकारी प्रीति शर्मा ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े में स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं द्वारा रंगोली, निबंध, स्लोगन, कविता लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल, सार्वजनिक स्थलों एवं महाविद्यालय की सफाई, सिगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण आदि महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गयी साथ अभियान को सफल बनाने के लिए गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा स्थानीय लोगो को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

आकर्षक रंगोली ने मोहा मन...

वर्द्धमान रूट्स में बच्चों संग मां ने बनाई मनभावन रंगोली

















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) रंगों और सृजनशीलता का सुंदर संगम देखने को मिला। विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न श्रेणी के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया-सभी छात्रों तथा छात्राओं के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों और उनकी माताओं के साथ बनाई गई रंगोलियों ने विद्यालय परिसर को रंगीन उत्सव में बदल दिया।

रंगोली की थीमों में विविधता देखने को मिली-किसी ने प्रकृति की सुंदरता को रंगों में उभारा, तो किसी ने भारतीय परंपरा और संस्कृति को। इन सबमें एक बच्ची की रंगोली ने सबका ध्यान खींच लिया-उसने मोबाइल को हाथ न लगाने का संदेश अपनी कला के माध्यम से दिया। उसकी यह अनोखी सोच हर किसी के दिल को छू गई। यह रंगोली न केवल उसकी कलात्मकता बल्कि उसके सकारात्मक विचार और सामाजिक समझदारी का सुंदर उदाहरण बनी। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों की मेहनत और रचनात्मकता की भरपूर सराहना की। विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों में रचनात्मक सोच, भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम और समाज के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

अच्छी आदतों को करें आत्मसात

गोठी स्कूल में मोटिवेशनल स्पीच



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में दिनांक 07 अक्टूबर 2025, मंगलवार को प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में कक्षा 1 व 2 के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए 'अच्छी आदतें हमें महान बनाती है विषय पर मोटीवेषनल स्पीच का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत व्याख्याता श्रीमती अनुपमा दाधीच ने बच्चों को अच्छी आदतों को आत्मसात करने हेतु अभिप्रेरित किया। जिसमें छात्रों को जीवन में अपनाने हेतु कहानियों द्वारा बच्चों को समझाया साथ ही उनसे क्रॉस क्यूशन किये गये जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व बच्चों ने कहा कि हमें अनुशासन में रहकर अध्ययन करना चाहिए। अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए। मोबाइल से दूरी बनाये रखनी चाहिए। जंक फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अपनी-अपनी अच्छी आदतों से अवगत करवाने के साथ ही अपने दैनिक जीवनचर्या में इन अच्छी आदतों को अपनाने की शपथ ली। समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख व शाला निदेषक डॉ. आर. सी. लोढ़ा सहित शाला प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी सहित बड़ी संख्या में अध्यापक-अध्यापिकाएँ उपस्थित रहें।





गोठी स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर दिखाया दमखम



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल के लगभग 40 विद्यार्थियों ने 69वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। विद्यार्थियों का राज्य स्तर की स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह मुकाम पाया है। अब सभी विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनें। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गौतम चौहान, समीर एस. कुमार व कमल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती, हैंडबॉल,क्रिकेट, जूडो, कराटे, शतरंज व राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के अंर्तगत विद्यालय के अंडर 14 वर्ष के 4 छात्र-छात्राओं का, अंडर 17 वर्ष के 10 छात्र-छात्राओं का व अंडर 19 वर्ष के 6 छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय कुश्ती व जूडो प्रतियोगिता हेतु, हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए 17 व 19 वर्ष के 8 छात्रों का, कराटे प्रतियोगिता में 3व राइफल शूटिंग प्रतियोगिता हेतु 4 विद्यार्थियों का एवं राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में 4 विद्यार्थियों का चयन ना केवल श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।

समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का लक्ष्य मात्र राज्य स्तर नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने का है। इस हेतु सभी खिलाड़ियों ने श्री वर्द्धमान स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में नियमित प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्राप्त किया है। शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, शाला प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी खिलाड़ी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

नाज के भौमिक सारण ने जीता स्वर्ण पदक



69वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन विद्यापीठ ब्यावर के छात्र भौमिक सारण ने झुंझुनू में आयोजित बैडमिंटन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 11 आयु वर्ष के अंतर्गत गोल्ड मेडल जीतकर नाज का नाम रोशन किया है यह वर्द्धमान परिवार के लिए बहुत ही गर्व का विषय है।

फायर लेस कुकिंग फूड्स से महका वर्द्धमान रूट्स

बच्चों ने सिद्ध किया-जहाँ चाह वहाँ राह, बिना आग के भी बन सकती है स्वाद की थाली!















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में एल.के.जी के छात्र-छात्राओं के लिए फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बच्चों ने बिना आग का उपयोग किए तरह-तरह के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए-जैसे फ्रूट सलाद, सैंडविच, स्प्राउट चाट, बिस्किट डिलाइट, और एनर्जी ड्रिंक, सेव पुरी, कटोरी चाट, बर्गर,बिस्किट ट्रीट, ज्यूस, विभिन्न प्रकार के सैंडविच आदि जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सेल्फ-डिपेंडेंस, क्रिएटिव थिंकिंग और हेल्दी ईटिंग हैबिट्स को बढ़ावा देना था। बच्चों ने बिना आग का उपयोग किए तरह-तरह के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। हर बच्चे ने अपने व्यंजन को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे सभी दर्शक और निर्णायक मंत्रमुग्ध हो गए। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका हर्षित शर्मा एवं पूजा पीपाड़ा द्वारा निभाई गई।सचमुच बच्चों ने सिद्ध किया-जहाँ चाह वहाँ राह, बिना आग के भी बन सकती है स्वाद की थाली!

प्राचार्या श्वेता नाहर ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओ का उत्साहवर्द्धन करते हुए बताया कि बच्चों के साथ खाना बनाना केवल सामग्री, व्यंजनो और खाना पकाने के बारे में नही है। यह कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि इस गतिविधि का मिशन बच्चों को भोजन तैयार करने में विकसित करना उन्हे पोषण की दुनिया के बारे में जिम्मेदारी एवं जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने हार्दिक बधाई प्रेषित की।

वर्द्धमान रूट्स में ब्राउन डे सेलिब्रेशन...







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में ब्राउन डे सेलिब्रेशन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को ब्राउन रंग के महत्व तथा प्रकृति से उसके गहरे संबंध के बारे में जागरूक करना था। नन्हे-मुन्ने बच्चे आकर्षक ब्राउन परिधानों में विद्यालय पहुँचे और पूरे दिन खुशियों से सराबोर रहे। शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि ब्राउन रंग प्रकृति, धरती, स्थिरता और सादगी का प्रतीक है। बच्चों को प्राकृतिक ब्राउन वस्तुओं जैसे रेत, मिट्टी, लकड़ी, वृक्ष की छाल, नारियल का खोल, और चॉकलेट आदि के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने इन वस्तुओं के महत्व को समझा और प्रकृति के प्रति प्रेम एवं सम्मान का संदेश भी सीखा।

नन्हे हाथों से उकेरे मां के चरण चिन्ह

वर्द्धमान रूट्स में मनाया नवरात्रा उत्सव







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल (वर्द्धमान रूट्स) में नवरात्रि उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय का वातावरण माँ दुर्गा की भक्ति से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर बच्चों से माँ दुर्गा के सुंदर चरणों (पैरों) की छाप बनवाई गई, पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया।

नन्हे बच्चों ने अपनी हथेलियों और उंगलियों से रंगीन रंगों में माता जी के चरण बनाकर अपनी श्रद्धा और सृजनशीलता का अद्भुत संगम दिखाया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को नवरात्रि के महत्व, माँ दुर्गा के नौ रूपों और उनसे मिलने वाली प्रेरणा के बारे में बताया। बच्चों की मासूम भक्ति और रंगीन रचनाओं ने वातावरण को आनंदमय और पवित्र बना दिया।